आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ

# यश भारत

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार यश भारत 16 वें वर्ष में प्रवेश

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें WWW.yashbharat.co.in

• वर्ष- 16 अंक 61 • कटनी • सोमवार, 4 अप्रैल, 2022 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • चैत्र मास शुक्ल पक्ष-3 • विक्रम संवत् 2079 शके 1935



## आज 40 पैसे महंगा हुआ पेट्रोल-डीजल

**नई दिल्ली।** देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि थमने का नाम नहीं ले रही है। ताजा खबर यह है कि सोमवार, 4 अप्रैल 2022 को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 40-40 पैसे की वृद्धि की गई है। इसके साथ ही राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 103.81 रुपए हो गई है, वहीं एक लीटर डीजल के लिए 95.07 रुपए खर्च करने होंगे। वहीं मुंबई में डीजल पर 43 पैसे और पेट्रोल पर 84 पैसे दाम बढ़ाए गए हैं। मुंबई वासियों को आज एक लीटर पेट्रोल के लिए 118.83 रुपए और डीजल के लिए 103.07 रुपए खर्च करने होगे।

### लखीमपुर कांड में खुलासा

## SIT ने UP सरकार से दो बार की थी आशीष मिश्रा की बेल रद्द करने की सिफारिश

**नई दिल्ली।** लखीमपुर खीरी मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त कमेटी ने स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर दी है। इसने कहा गया है कि मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने उत्तर प्रदेश सरकार को दो बार मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा को दी गई जमानत को रद्द करने की सिफारिश की थी। लखीमपुर खीरी मामले में आशीष मिश्रा की जमानत रद्द करने की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने अब फैसला सुरक्षित रख लिया है।

## मध्य प्रदेश
# ज्योतिरादित्य के बाद राज्यसभा में अब कांग्रेस की नई चुनौती

## विवेक तन्खा के अलावा अन्य 2 नामों की चर्चा





**नई दिल्ली।** जून के महीने में मध्य प्रदेश में राज्यसभा की तीन सीटें खाली हो रही हैं। इनमें से दो सीटों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पास हैं तो एक सीट कांग्रेस के पास है। भाजपा की तरफ से एमजे अकबर और सम्पतिया उईके राज्यसभा में हैं तो कांग्रेस की तरफ से विवेक तन्खा राज्यसभा में हैं। विवेक तन्खा का कार्यकाल पूरा होने के बाद कांग्रेस जिन्हें राज्यसभा के लिए दावेदार बना सकती है उनमें अरुण यादव और अजय सिंह की दावेदारी के संकेत हैं। ज्योतिरादित्य सिंधिया को राज्यसभा ना भेज कर कांग्रेस ने पहले ही इसकी बड़ी कीमत चुकाई है। अरुण यादव और अजय सिंह इन दोनों नामों में से किसी एक नाम को फाइनल करना कांग्रेस के लिए इतना आसान भी नहीं है। कई राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि राज्यसभा की इस एक सीट के लिए पार्टी के अंदर खींचतान मच सकती है। साल 2018 में राज्य विधानसभा चुाव से पहले अरुण यादव को हटा कर कमलनाथ को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनाया गया था। उस वक्त तो अरुण यादव ने कमलनाथ के नाम पर एकजुटता दिखाई थी। अरुण यादव, नंदकुमार सिंह चौहान के निधन के बाद से खाली हुई खंडवा लोकसभा सीट से उप चुनाव लड़ना चाहते थे। लेकिन अरुण यादव को टिकट नहीं मिला। उस वक्त चर्चा थी कि इसमें कमलनाथ की भूमिका है। अरुण यादव कई मौकों पर कमलनाथ के फैसलों पर सवाल भी उठाते रहे। जब बाबूलाल चौरसिया को कांग्रेस में शामिल कराया गया था तब उस वक्त भी अरुण यादव ने इसका विरोध किया था।अरुण यादव ने कुछ दिनों पहले सोनिया गांधी से मुलाकात की थी। माना जा रहा है कि इस दौरान उनकी सोनिया गांधी से राज्यसभा जाने पर चर्चा हुई थी। याद दिला दें कि एमपी में 2018 के विधानसभा चुनाव के बाद जब कांग्रेस की सरकार बनी तो वह 15 महीने बाद ही गिर गई थी। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह राज्यसभा चुनाव बनी थी। उस वक्त राज्यसभा की दो सीटें कांग्रेस के हिस्से में आ रही थी। ज्योतिरादित्य सिंधिया एक सीट से राज्यसभा जाना चाहते थे। मगर कांग्रेस ने दिग्विजय सिंह के आगे उन्हें भाव नहीं दिया। इसके बाद सिंधिया ने बगावत कर दिया और सरकार गिरा दी। ऐसे में सहमी कांग्रेस फूंक-फूंककर कदम उठा रही है। यह भी कहा जा रहा है कि कमलनाथ इस खींचतान से पार्टी को बचाने के लिए विवेक तन्खा को ही दोबारा राज्यसभा के लिए पार्टी प्रत्याशी बनाने की सिफारिश पार्टी आलाकमान से कर सकते हैं।

### राज्यसभा में कांग्रेस का सिमट रहा दायरा

विधानसभा चुनावों में करारी हार के बाद अब राज्यसभा में भी कांग्रेस के लिए संकट की स्थिति खड़ी हो गई है। आने वाले राज्यसभा चुनाव के बाद ऊपरी सदन में कांग्रेस के नंबर्स कम हो जाएंगे। इससे भी ज्यादा चिंता की बात यह है कि कांग्रेस का भौगोलिक ग्राफ भी अब सिमट रहा है। अब 17 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से राज्यसभा में कांग्रेस का कोई प्रतिनिधि नहीं रह जाएगा। बता दें कि मार्च के आखिरी में राज्यसभा में कांग्रेस के 33 सांसद थे। एके एंटनी समेत चार सदस्य रिटायर हो चुके हैं। वहीं जून और जुलाई में 9 और सदस्यों का कार्यकाल खत्म हो जाएगा। रिटायर होने वालों में पी चिदंबरम, अंबिका सोनी, जयराम रमेश और कपिल सिब्बल भी शामिल हैं। चुनाव के बाद राज्यसभा में कांग्रेस की संख्या ज्यादा से ज्यादा 30 सदस्यों की रह जाएगी।

### अजय सिंह को राज्यसभा भेजने का दबाव

राज्यसभा की एक सीट के लिए अरुण यादव के अलावा अजय सिंह का नाम भी चर्चा में है। कहा जा रहा है कि पार्टी नेता अजय सिंह को राज्यसभा भेजने का दबाव भी कमलनाथ पर है। यहां आपको बता दें कि अजय सिंह चुरहट विधानसभा सीट से 2018 और साल 2019 में सीधी लोकसभा सीट से चुनाव हार चुके हैं। विंध्य क्षेत्र में अजय सिंह का अच्छा-खासा प्रभाव माना जाता है। कुछ राजनीतिक विश्लेषकों का यह भी मानना है कि राज्यसभा ना भेजने की स्थिति में 2023 के विधानसभा चुनाव में उनकी नाराजगी कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ा सकती हैं।





# चीन में फिर हाहाकार

## शंघाई में कोरोना जांच के लिए भेजी सेना

## 2.60 करोड़ लोगों का हो रहा टेस्ट

**बीजिंग।** चीन के प्रमुख व्यावसायिक शहर शंघाई में मानो कोरोना बम फूटा है। रविवार को यहां 8000 से ज्यादा केस मिले हैं। चीन ने सोमवार से जांच का बड़ा अभियान छेड़ दिया है। जांच के लिए सेना के जवानों व डॉक्टरों को बड़ी संख्या में मैदान में उतारा गया है। सोमवार को शंघाई महानगर के 2.60 करोड़ लोगों की जांच का सबसे बड़ा अभियान शुरू हुआ। कई लोगों को तो सूर्योदय से पहले उठकर अपने आवासीय परिसरों में ही जांच के लिए कहा गया। वहीं कई जांच केंद्रों पर लोग सुबह सुबह पजामे में ही पहुंचकर कतार में खड़े दिखे। चीन की सेना पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (क्क्र) के 2000 से ज्यादा चिकित्साकर्मियों को रविवार को शंघाई भेजा गया, ताकि वहां कोरोना जांच में नागरिक प्रशासन की मदद की जा सके। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है।

### वुहान के बाद सबसे बड़ा अभियान

चीन के वुहान शहर में 2020 के आरंभ में जब पहली बार कोरोना महामारी का पता चला था तो वहां ऐसा ही बड़ा जांच अभियान छेड़ा गया था। वहां पीएलए ने जांच के लिए अपने 4000 चिकित्सा कर्मियों की टीम भेजी थी। शंघाई में भेजी गई टीम उससे भी बड़ी है। इसमें पीएलए की तीनों इकाइयों के डॉक्टर व अन्य चिकित्साकर्मी शामिल हैं।

## STR में बाघों की सुरक्षा को खतरा

# 2 दिन में दो बाघ की मौत, शरीर पर चोट

**नर्मदापुरम।** टाइगर स्टेट मप्र के सतपुड़ा टाइगर रिजर्व (स्ञ्जक्र) में इन दिनों बाघ सुरक्षित नहीं हैं। स्ञ्जक्र ने दो दिन में दो बाघ खो दिए हैं, जिससे अब बाघों की सुरक्षा को लेकर बड़ा सवाल उठ रहा है कि क्या बाघों पर शिकारियों की नजर है? जो एक-एक करके बाघों को शिकार बना रहे या क्षेत्राधिकार को लेकर बाघ ही आपस में लड़ाई लड़ रहे हैं। रविवार को पचमढ़ी परिक्षेत्र के मोगरा बीट 226 में एक नर बाघ घायल अवस्था में मिला। भोपाल ले जाते समय बाघ ने दम तोड़ दिया। जिस जगह बाघ घायल हालत में मिला, उससे 700 मीटर नजदीक नयाखेड़ा बीट में शनिवार 2 अप्रैल को एक मादा शावक का शव मिला था। दो दिन में स्ञ्जक्र में दो बाघों की मौत हुई। रविवार को मिले बाघ के आगे के दोनों पैरों व शरीर पर चोट के निशान मिले। एक केनाइन दांत भी टूटा मिला। क्षेत्र संचालक एल कृष्णमूर्ति ने बताया प्रथम दृष्टया चोटों के निशान देखकर प्रतीत होता है कि टेरिटरी फाइट में बाघों की लड़ाई के दौरान इस बाघ की मृत्यु हुई है। क्षेत्र संचालक तथा उप संचालक की उपस्थिति में वन्यप्राणी चिकित्सकों ने बाघ का पोस्टमार्टम एनटीसीए के प्रोटोकोल अनुसार किया गया। पोस्टमार्टम के बाद वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में बाघ का अंतिम संस्कार कर दिया। इस दौरान एनटीसीए व डब्लूसीटी के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। शनिवार को मादा शावक का शव मिलने के बाद स्ञ्जक्र ने रातों रात पार्क के सारे हाथी मोगरा बुलाए व सवेरे तड़के हाथियों के दलों के साथ कर्मचारियों को अलग अलग स्थानों पर सर्चिंग के लिए रवाना किया। खोज के दौरान मोगरा बीट 226 में नर बाघ गंभीर घायल व लगभग मरणासन्न अवस्था में पाया गया।



## श्रीलंकामंत्रिमंडल का सामूहिक इस्तीफा

### पीएम बने रहेंगे महिंदा राजपक्षे, बनेगी सर्वदलीय सरकार

**कोलंबो।** श्रीलंका में हिंसा और राजनीतिक अटकलों के बीच मंत्रिमंडल ने देर रात सामूहिक इस्तीफा दे दिया। प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे ने त्यागपत्र नहीं दिया है। नेता सदन और शिक्षामंत्री दिनेश गुणवर्धने ने बताया कि मंत्रिमंडल ने इस्तीफा प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे को सौंपा है। उन्होंने इसका कारण नहीं बताया। सूत्रों ने बताया कि श्रीलंका में जल्द ही सर्वदलीय सरकार बनने जा रही है, जिसमें विपक्ष के नेताओं को भी शामिल किया जाएगा। सभी दलों की ओर से ऐसा प्रस्ताव आया था कि राजनीतिक स्थिरता बनाए रखने के लिए एक नई अंतरिम सरकार की जरूरत है। इससे पहले, श्रीलंकाई पुलिस ने रविवार को केंद्रीय प्रांत में कर्फ्यू के बावजूद सरकार के विरोध में उतरे पेराडेनिया विवि के छात्रों व शिक्षकों पर आंसू गैस के गोले दागे। छात्र सर्वदलीय सरकार बनाने की मांग कर रहे थे। छात्रों ने आरोप लगाया कि कागज की कीमत बढ़ने से परीक्षाएं नहीं कराई जा रही हैं। इससे पूर्व, सरकार ने सोशल मीडिया पर लगी पाबंदी वापस ले ली।

# रिटायर्ड जज अजमत सईद हो सकते हैं पाकिस्तान के कार्यवाहक पीएम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में रविवार को पांच मिनट के अंदर इमरान खान के खिलाफ पेश अविश्वास प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया। इसके बाद तेजी से कई घटनाक्रम हुए। इमरान खान ने इसके तुरंत बाद संसद भंग किए जाने की मांग की। इस पर राष्ट्रपति ने तुरंत अपनी सहमति दे दी और संसद को भंग कर दिया। तब से विपक्ष का हंगामा जारी है। हालांकि, अब यह पूरा मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुका है। कोर्ट आज इस मामले में सुनवाई के लिए तैयार है। संसद भंग किए जाने के बाद अजमत सईद को पाकिस्तान का कार्यवाहक प्रधानमंत्री बनाया जा सकता है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पीटीआई ने कार्यवाहक प्रधानमंत्री के लिए सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज अजमत सईद का नाम प्रस्तावित किया है। पाकिस्तान में अविश्वास प्रस्ताव खारिज किए जाने और संसद भंग मामले में सुनवाई शुरू होगी। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, सुनवाई के दौरान स्पीकर की ओर से अटॉर्नी जनरल पेश होंगे।



सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

पाकिस्तान में संसद भंग हो चुकी है। अब चुनाव के बाद ही स्थाई प्रधानमंत्री का चयन हो सकेगा। हालांकि, केयरटेकर पीएम चुने जाने तक इमरान खान ही प्रधानमंत्री के पद पर रहेंगे। इसको लेकर राष्ट्रपति कार्यालय से आदेश जारी किया गया है।

### फुल बेंच करे सुनवाई- विपक्ष

संसद भंग मामले में सुप्रीम कोर्ट आज सुनवाई करेगा। इससे पहले संयुक्त विपक्ष की ओर से मांग की गई है कि, मामले की सुनवाई फुल बेंच करे। विपक्ष का कहना है कि, उन्हें उम्मीद है कि कोर्ट संविधान के साथ खड़ी रहेगी।

### नवाज शरीफ पर 2 दिन में दूसरा हमला

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान मुस्लिम लीग के संस्थापक नवाज शरीफ के ब्रिटेन वाले ऑफिस पर हमला हुआ है। 20 से ज्यादा हमलावर इस घटना में शामिल थे। जो इमरान खान की पार्टी PTI के बताए जा रहे हैं। अभी तक 4 लोगों को अरेस्ट कर लिया गया है।नवाज पर होने वाला यह दूसरा हमला था, इससे पहले रविवार को भी एक आदमी ने उन पर मोबाइल फेंका था, जिससे उनका बॉडीगार्ड चोटिल हो गया था।जियो न्यूज के एक पत्रकार ने वीडियो शेयर किया है, जिसमें नवाज के लंदन ऑफिस के बाहर हो रही हिंसा और मारपीट नजर आ रही है। कुछ लोग मारपीट कर रहे हैं। हमलावर जिन गाड़ियों पर आए थे उनमें इमरान खान की पार्टी क्कञ्जढ्ढ के झंडे लगे थे। कुछ ने मास्क पहन रखा था।मुर्तजा ने कुछ और वीडियो भी शेयर किए हैं, जिनमें हमलावरों के चेहरे साफ नजर आ रहे हैं।



## ग्रैमी के मंच से जेलेंस्की की मार्मिक गुहार

# यूक्रेन में बर्बाद शहरों का मौन और मर चुके लोगों का शाश्वत सन्नाटा, प्लीज!

**कीव।** यूक्रेन इस समय लाशों से पटा हुआ है। वहां के खूबसूरत शहर खंडहर से डरा रहे हैं। चीख-पुकार और मौतों से निकला सन्नाटा किसी को भी डराने के लिए काफी है। रूसी हमलों के बीच यूक्रेन का वह हाल हुआ है, जिसकी कल्पना करना भी मुश्किल है। इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति ने ग्रैमी अवार्ड सेरेमनी के मंच से जो भावुक अपील की है, वह किसी को भी रुला देगी। दरअसल, ग्रैमी अवार्ड के दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की का एक प्री-रिकॉर्डेड वीडियो चलाया गया। इस वीडियो को बड़ी-बड़ी स्क्रीन पर दिखा गया, जिसमें उन्होंने दुनिया से यूक्रेन की मदद व समर्थन की अपील की। यह वीडियो मैसेज यूक्रेनियन सिंगर मीका न्यूटन और पोएट ल्यूबा यकिमचुक की परफॉरमेंस से पहले दिखाया गया।

### हमारे संगीतकार अस्पतालों में गाते हैं

यूक्रेन के राष्ट्रपति ने भावुक वीडियो मैसेज में कहा, हमारे प्रियजन नहीं जानते कि हम फिर से साथ रहेंगे या नहीं। युद्ध हमें यह चुनने की अनुमति नहीं देता कि कौन बचेगा कौन शाश्वत मौन हो जाएगा। हमारे संगीतकार टक्सीडो के बजाए बॉडी आर्मर पहनते हैं। वे घायलों के लिए अस्पतालों में गाते हैं। यहां तक कि वे उनके लिए भी गाते हैं, जो उन्हें सुन नहीं सकते। यह संगीत टूट जाएगा। हम स्वतंत्रता की रक्षा कर रहे हैं। जीने के लिए। प्यार के लिए। हम रूस से लड़ रहे हैं।



### बुचा शहर में नरसंहार

यूक्रेन की राजधानी कीव से रूसी सेना के पीछे हटने के बाद डरावना मंजर है। बुचा शहर में सड़कों पर आम लोगों की लाशें बिखरी पड़ी हैं। ज्यादातर के हाथ बांधकर सिर में गोली मारी गई है। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने इसे नरसंहार बताया है। वहीं, विदेश मंत्री ने कहा कि रूसी सैनिकों ने गुस्से में ये हत्याएं की हैं। हमले के 39वें दिन रूस ने ओडेसा सिटी में एक रिफाइनरी पर मिसाइल अटैक किया। रूसी सेना यूक्रेन की राजधानी कीव के आसपास के इलाकों को खाली कर रही है। जैसे-जैसे रूसी सेना पीछे हट रही है, सड़कों पर शवों की संख्या बढ़ती जा रही है।

### मौन को संगीत से भर दीजिए

जेलेंस्की ने कहा, संगीत के विपरीत क्या है? बर्बाद हुए शहरों का शोर, मरे हुए लोग और उनका शाश्वत सन्नाटा। इस सन्नाटे को संगीत से भर दीजिए। हमारी कहानी बताने के लिए इस सन्नाटे को आज ही भर दीजिए। हमारी मदद कीजिए, किसी भी प्रकार से हमारा समर्थन कीजिए। उन्होंने कहा, मैनें सपना देखा है, यूक्रेन की आजादी का।



### बद्रीनाथ-केदारनाथ धाम से गायब हो गई बर्फ, अब ऊंची चोटियां भी खतरे में

**देहरादून।** ग्लोबल वार्मिंग ने भगवान को भी नहीं बख्शा है। इस बार पहाड़ों पर अच्छी बर्फबारी के बावजूद ग्लोबल वार्मिंग का असर दिखने लगा है। बद्रीनाथ धाम में जहां पहले चार फीट तक बर्फ रहती थी, वहां अब बर्फ है ही नहीं। इस साल तो केदारनाथ धाम में भी परिसर से बर्फ हटाने की जरूरत ही नहीं पड़ी, क्योंकि यहां जमी बर्फ पिघल चुकी है।मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अगर ऐसी ही गर्मी पड़ती रही तो ऊंची चोटियां भी बर्फविहीन हो जाएंगी। ऊंची चोटियां भी हो सकती हैं बर्फविहीन गंगोत्री और यमुनोत्री में भी इस साल नाममात्र की बर्फ रह गई है। मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि अगर बारिश नहीं हुई और इसी तरह गर्मी पड़ती रही, तो ऊंची चोटियां भी बर्फविहीन हो जाएंगी।

# NHAI को लेकर CBI ने मप्र सहित सात राज्यों में मारा छापा

## आला अफसर फंसे, एक करोड़ से ज्यादा कैश जब्त

**भोपाल।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की तीन परियोजनाओं में अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से आर्थिक अनियमितता का मामला सामने आया है। इसमें मध्य प्रदेश सहित दिल्ली, हरियाणा, उत्तराखंड, गुजरात और उत्तर प्रदेश के 22 ठिकानों पर एकसाथ छापे मारे गए। जिसमें सीबीआई को एक करोड़ दस लाख से ज्यादा की नकद राशि मिली है। बताया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने 2008 से 2010 के बीच एनएच- 06 सूरज-हजीरा पोर्ट खंड, एनएच- 8 किशनगढ़-अजमेर ब्यावर खंड और एनएच- 02 वाराणसी-औरंगाबाद खंड का निजी ठेकेदारों को कंसोर्टियम दिया था। कंपनियों द्वारा इन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए एनएचआई के अधिकारियों ने निजी कंपनियों से धन स्वीकार किया। निजी कंपनी के उप ठेकेदारों द्वारा खातों की पुस्तकों में गलत प्रविष्ठियां दर्शाई गईं। जानकारी के मुताबिक इस पूरी गड़बड़ी में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के महाप्रबंधक, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, मैनेजर जैसे नौ अधिकारी शामिल थे और 13 अन्य कंपनी के अधिकारी व अज्ञात लोग भी इस आर्थिक गड़बड़ी के मामले में एनएचआई अफसरों के साथ सहभागी पाए गए। इन सभी 13 अधिकारियों व प्रायवेट लोगों के सात राज्यों के ठिकानों पर सीबीआई ने आज छापे मारे।




**1.1 करोड़ नकद, 49 लाख की एफडी**

सीबीआई की 22 स्थानों पर की गई कार्रवाई में एक करोड़ दस लाख रुपए की नकद राशि मिली है। यही नहीं छापे के ठिकानों पर 49 लाख 10 हजार रुपए की एफडी भी मिली है।

# जीवात्मा को परमात्मा से मिलवाने का माध्यम है उपवास

**जबलपुर,यशभारत।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी हफ्ते में एक दिन का उपवास रखा करते थे और दूसरे दिन बकरी के दूध से जमाया हुआ दही का सेवन करते थे, जिस कारण उनके शरीर में इतनी ऊर्जा का समावेश था की, कड़कड़ाती ठंड में भी वे मात्र एक धोती पहनकर कोसों पैदल चला करते थे उपवास हमारे मन को जहां स्थिर करता है, वही तन को संयमित कर ऊर्जा का संचार करता है यश भारत के लोकप्रिय कार्यक्रम जीवन ज्योतिष में नवरात्र विशेष कार्यक्रम के चलते आज हम व्रत से जुड़ी बातों को लेकर पंडित लोकेश व्यास से चर्चा कर रहे हैं।

यश भारत
जीवन ज्योतिष
वीडियो देखने के लिए यश भारत फेसबुक पर जाएं
प्रति सोमवार प्रातः 10 बजे

### उपवास और धर्म में क्या संबंध

पंडित लोकेश व्यास के अनुसार जो आत्मा से परमात्मा के मिलन का एकमात्र माध्यम उपवास है, मन चित्त और तन को स्थिरता प्रदान करने के लिए उपवास किया जाता है। पंडित श्री व्यास कहते हैं कि निरंतर रूप से अनाज जब शरीर में जाता है तो शरीर भारी होने लगता है ठीक उसी तरह जैसे रुई को पानी में भिगोने से रूई भारी हो जाती है, जिससे कोलेस्ट्रॉल, गैस और अपच जैसी समस्याएं सामने आती हैं।

### पाचन तंत्र होता है हल्का

पंडित लोकेश व्यास ने उपवास के विषय में बताते हैं कि जब शरीर में अन्न नहीं जाता है या फिर बहुत कम मात्रा में जाता है तो पाचन तंत्र अत्यंत हल्का हो जाता है। जिस कारण एचडीआई यानी गुड कोलेस्ट्रॉल तेजी से बढ़ता है और एलडीआई तेजी से घटना शुरू हो जाता है।

### शुगर व अन्य बीमारियों के मरीज रखें सावधानी

पंडित लोकेश व्यास कहते हैं कि पूर्व में निर्जला उपवास रखा जाता था फिर एक लोंग से उपवास किया जाने लगा लेकिन अब लोगों की शारीरिक स्थितियां बदल चुकी हैं डायबिटीज जैसी बीमारियों के मरीज अधिकता में मिल जाते हैं, ऐसी बीमारियों से ग्रसित मरीजों को उपवास रखते समय अत्यंत सावधानी रखनी चाहिए।



## यश भारत के लोकप्रिय कार्यक्रम जीवन ज्योतिष में नवरात्र विशेष पर पंडित लोकेश व्यास से चर्चा

### उपवास के दौरान रखे सावधानियां

पंडित लोकेश व्यास कहते हैं कि उपवास के दौरान कुछ विशेष सावधानियां रखनी चाहिए जिसमें हर 45 मिनट में हमें पानी जरूर पीना चाहिए जो शरीर को डिटॉक्स कर देता है। इसके साथ ही आप फलों का सेवन करें अगर फल उपलब्ध ना हो तो सब्जियों भी खा सकते हैं जिसमें कच्चा पपीता, लौकी को उबालकर या आलू खा सकते हैं, इसके साथ ही पनीर और दूध दही, सिंघाडे, कुट्टू का आटा का सेवन करें।

### चिकनाई युक्त पदार्थ के सेवन से बचें

पंडित लोकेश व्यास बताते हैं कि उपवास के दौरान चिकनाई युक्त खानपान से बचना चाहिए जिसके कारण आपका मन और धमनिया शिथिल पडती हैं, इस कारण आपकी चेतन्यता और एनर्जी में कमी आती है। आप खानपान में जायफल का पाउडर, जींरा और काली मिर्च का उपयोग करें जिससे जायका भी अच्छा होता है।

### 10 महाविद्याओं का वर्णन

पंडित लोकेश व्यास कहते हैं कि 10 महाविद्याओं का वर्णन किया गया है जिसमें काली तारा,शूडषी,भुवनेश्वरी,त्रिपुर भैरवी, मां बगलामुखी,धूमावती,कमला, मातंगी का वर्णन मिलता है जिसमें माता काली प्रथम महाविद्या मानी गई है।जिनका चार प्रकार से पूजन होता है, दक्षिणा काली, श्मशान काली, मात काली और महाकाली का पूजन किया जाता है।

### वीडियो देखने के लिए जाएं यश भारत सोशल मीडिया पर

पंडित लोकेश व्यास जी द्वारा नवरात्र विशेष पर पूजन को लेकर वह व्रत संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां देखने के लिए यश भारत के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर जाएं।

# विजयराघवगढ़ में विराजीं मैहर वाली मां शारदा देवी की बड़ी बहन

## नवरात्र पर उमड़ती है भक्तों की भीड़




**कटनी।** नवरात्र के दौरान मैहर में मां शारदा देवी के मंदिर में भक्तों का तांता लगता है। लेकिन मैहर से लगी कटनी जिले में शारदा देवी विराजती है। नवरात्र में मां शारदा देवी की बड़ी बहन के मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ती है। इसके चलते 1857 की क्रांति में अपनी अमिट छाप छोडने़ वाले राजा सरयू प्रसाद की ऐतिहासिक नगरी विजयराघवगढ़ मां के धाम के कारण भी विशेष पहचान रखता है। बताया जाता है विजयराघवगढ़ में 1826 में राजा प्रयागदास ने इस मंदिर की स्थापना कराई थी। इस मंदिर में विराजी प्रतिमा मैहर की मां शारदा की तरह है। विगढ़ की माता शारदा को मैहर में विराजी मां की बड़ी बहन के रूप में पूजा जाता है।

### 191 वर्ष पुराना मंदिर

मैहर किले में विराजीं सरस्वती स्वरूपा मां शारदा राजा प्रयागदास के साथ कटनी जिले के विजयराघवगढ़ नगर 1826 में पहुंची हैं। जैसे मैहर में प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु मां के दर्शनार्थ पहुंचते हैं, वैसे ही इस धाम में भी प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में भक्तों का आना होता है। मां के दर्शन में अनूठा रहस्य समाया हुआ है। मान्यता है कि यहां मां के दर्शन मात्र से बिगड़े काम बनते हैं। 191 वर्ष से श्रद्धालुओं पर वे अपनी कृपा बरसा रही हैं।

### ये है इस मंदिर की खासियत

खास बात ये है कि जिस तरह से मैहर माता पहाड़ पर विराजी हैं, वैसे ही विगढ़ में भी मां शारदा पहाड़ी पर विराजी हैं। इन्हें माता सरस्वती का रूप माना जाता है। 1857 के युद्ध में अंग्रेजों ने मंदिर व किले को नष्ट कर दिया था। 1984 में एक बार फिर मंदिर का जीर्णोद्धार हुआ और मैहर के पंडा देवी प्रसाद ने पूजन व अभिषेक कराया था। यहां पर मंदिर के सामने सुंदर बाग, भरत बाग, राम बाग अखाड़ा, राम जानकी मंदिर, चारों धाम की मूर्तियां, राजा का किला आदि आकर्षक का केंद्र हैं। नवरात्र पर यहां मां की विशेष पूजा-अर्चना हो रही है।

### जिले का प्रमुख शक्तिपीठ

मां शारदा का प्राचीन मंदिर लोगों के लिए आस्था व श्रद्धा का प्रमुख केंद्र है। चैत्र व शारदेय नवरात्र में यहां पर मेला लगता है और भक्तों की खासी भीड़ उमड़ती है। मैहर रियासत का बंटवारा होने के बाद विष्णुदासजी को मैहर राय व प्रयागदासजी को विजयराघवगढ़ राय दिया गया था। इसके बाद राजा प्रयागदास द्वारा नगर में किले का निर्माण कराने के साथ ही मां शारदा के मंदिर की स्थापना कराई गई व कुएं, बावली, तालाब, पंचमठा, बगीचों आदि का भी निर्माण कराया गया।



## नारी वास्तव में दुर्गा, लक्ष्मी, काली, सरस्वती स्वरूपा अपने अन्दर की क्षमता को पहचानने की जरूरत

**कटनी ।** प्रत्येक नारी अपने भीतर के देवत्व को समाजहित, एवं राष्ट्रहित के सृजनशीलता में लगाये। उक्त आशय के विचार सिविल लाइन स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजयोग केंद्र संचालिका बीके लक्ष्मी बहन ने चैत्र नवरात्र पर आयोजित नारी शक्ति सम्मान समारोह के दौरान व्यक्त किए कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित नारी शक्ति मैं अंकिता तिवारी, मोना साहू, गुडमाला चित्तौड़ा, नेहा बहन, आरती श्रीवास्तव, पलक मिश्रा, मुस्कान मिश्रा, डिम्मी सेन, रानी शर्मा, आदि का तिलक और चुनरी पहनाकर किया गया कार्यक्रम के दौरान सभी ने अपने अनुभव सुना। अंकिता तिवारी ने कहा कि समाज सशक्त तब होगा जब हमारे अन्दर आध्यात्म शक्ति होगी और आध्यात्म शक्ति से ही मानव जीवन में सन्तुष्टता और नैतिक मूल्य आते हैं। जब कश्मीर मे धारा 370 लगी थी लाल चौक पर तिरंगा फहराया। इस अवसर पर सभी को ईश्वरीय सौगात भेटकर कन्या भोज कराया गया इस अवसर पर दुर्गा बहन चमन बहन सहित अन्य की उपस्थिति रही।



## महिलाओं ने किया गणगौर पूजन




**कटनी।** सराफा बाजार में समाजसेविका रेखा अरूण गोयनका के निवास पर गणगौर उत्सव मनाया गया। इस मौके पर महिलाओं द्वारा गणगौर की की पूजा की गई। उल्लेखनीय है कि होलिका दहन के पूजन के दूसरे दिन से तीज तक यह पूजा की जाती है। इस दिन शादी-शुदा महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और सौभाग्य के लिए व्रत रखती हैं। गणगौर तीज के एक दिन पहले कुंवारी और नवविवाहित युवतियां पूजी हुई गणगौर को नदी, तालाब, सरोवर में पानी पिलाती है और दूसरे दिन शाम के समय इसे विसर्जित कर दिया जाता है। अविवाहित युवतियां मनचाहे वर के लिए व्रत रखती हैं। पूजन में रेखा, आयूषी, लक्ष्मी, कीरतुका लक्ष्मी अग्रवाल, मालती अग्रवाल शिप्रा अग्रवाल आदि महिलाओं की उपस्थिति रही।

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 4 शो ता. 01 से
12, 3.30, 7 एवं रात्रि 9 बजे से



RRR (हिंदी में)
कलाकार- रामचरन, एन.टी. रामा राव, श्रेया सरन, अजय देवगन आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 01 से
12.45, 3, एवं सायं 6 बजे से





ATTACK (हिंदी में)
कलाकार- जॉन अब्राहम, रकुलप्रीत सिंह, प्रकाश राज, किरन कुमार आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 2 शो ता. 01 से
सुबह 10 एवं रात्रि 10 बजे से




MORBIOUS (हिंदी में)
कलाकार- माईकल कीटन, मैट स्मिथ, कोरे जॉनसन, चार्ली शाटवेल आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

नीरज सिनेप्लेक्स में




शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 3 शो ता. 25 से
11.45, 3 एवं 6.15 बजे से
RRR (हिंदी में)
कलाकार- रामचरन, एन.टी. रामा राव, श्रेया सरन, अजय देवगन आदि।
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-221823 मो. 7240871207

यदि आप तक समय पर
यश भारत
नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033


यश भारत
# सिटी न्यूज
कटनी, सोमवार, 04 अप्रैल 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# कुंडलपुर की तर्ज पर बहोरीबंद में बनेगा शांतिनाथ भगवान का भव्य एवं विशाल मंदिर

## मंदिर निर्माण के लिए राष्ट्रीय स्तर पर कमेटी का गठन, कटनी जिले से पांच समाजसेवी शामिल

**कटनी।** बहोरीबंद के साथ ही कटनी जिले के लिए गौरव की बात है कि दमोह के प्रसिद्ध कुंडलपुर जैन तीर्थ में बने विशाल और भव्य मंदिर की तर्ज पर अतिशय जैन तीर्थ क्षेत्र बहोरीबंद में श्री 1008 शांतिनाथ भगवान के भव्य मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है। मंदिर में भगवान शांतिनाथ भगवान की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। पूज्य संत आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य निर्यापक मुनि श्री सुधा सागर जी के महाराज के सानिध्य में मंदिर के निर्माण के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक कमेटी का गठन किया गया है, जिसमे कटनी जिले से पांच समाजसेवियों को शामिल किया गया है। अतिशय जैन तीर्थ क्षेत्र बहोरीबंद में आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए निर्यापक मुनि श्री सुधा सागर महाराज ने कहा कि बहोरीबंद में करोड़ों रूपए की लागत से बनने जा रहा यह इस मंदिर की ख्याति केवल मध्यप्रदेश ही नहीं वरन पूरे देश में होगी। कुंडलपुर के मंदिर की तर्ज पर बनने जा रहे इस मंदिर के निर्माण से बहोरीबंद के साथ ही कटनी जिले का नाम पूरे देश में होगा। उन्होंने कहा कि कभी अच्छे दिन आते हैं तो कभी बुरे दिन भी आते हैं। बहोरीबंद क्षेत्र का अतीत जो कुछ भी रहा हो लेकिन आने वाला भविष्य सुनहरा है। बहोरीबंद में भव्य मंदिर के निर्माण से पूरे क्षेत्र का कल्याण होगा। आज बहोरीबंद अतिशय जैन तीर्थ कहलाता है तो इसके पीछे यहां के लोगों का अथक परिश्रम और बलिदान इसमे शामिल है। निर्यापक मुनि श्री सुधा सागर महाराज ने कहा कि जिस तरह आजादी के आंदोलन में हजारों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अपना बलिदान दिया था और करीब 100 सालों के संघर्ष के बाद देश को आजादी मिली थी ठीक उसी तरह बहोरीबंद के समाजसेवियों ने कड़ी मेहनत की बदौलत यहां मंदिर सहित अन्य निर्माण कार्यों में अपना उल्लेखनीय योगदान दिया। जिस तरह देश के आजाद होने के बाद उनका बलिदान सफल और सार्थक हो गया, उसी तरह यहां के लोगों के बलिदान की बदौलत आज बहोरीबंद का नाम इतिहास में दर्ज हो रहा है। यहां बनने जा रहे मंदिर की ख्याति पूरे देश में होगी। साथ ही संसार के सभी देशों के साथ संपूर्ण भारत के जैन धर्मावलंबी अतिशकारी भगवान शांतिनाथ जी के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। 15 हजार स्केवर फीट जमीन पर बनने जा रहे मंदिर निर्माण की तैयारियां शुरू हो गई हैं।



**15 हजार स्क्वेयर जमीन पर बनने जा रहे मंदिर के लिए तैयारियां शुरू, प्रदेश ही नहीं पूरे देश में होगी मंदिर की ख्याति : सुधासागर महाराज**

### मंदिर के कलशारोहण तक विरोधी भूमिगत हो जाएं

निर्यापक मुनि श्री सुधा सागर महाराज ने अपने प्रवचनों में कहा कि किसी भी काम में लोगों के बीच अलग-अलग मतभेद होते हैं, लेकिन जब कोई अच्छा काम होता है, तो सभी को उसे मिल-जुलकर पूरा करना होता है। उन्होंने यह भी कहा कि मंदिर के निर्माण के लिए अभी जो कमेटी बनाई गई है, वो तन, मन, धन से इस कार्य में जुट जाए और जो लोग इसका विरोध कर रहे हैं, वे मंदिर के कलशारोहण तक भूमिगत हो जाएं। मुनि सुधा सागर महाराज ने कहा कि जिस तरह नई सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री और कुछ मंत्री बनाए जाते हैं और मंत्रीमंडल का विस्तार बाद में होता है, उसी तरह मंदिर निर्माण के लिए अभी कुछेक सदस्यों को शामिल करते हुए कमेटी बनाई गई है और जरूरत पड़ने पर इसका विस्तार भी किया जाएगा।

### कमेटी में ये लोग शामिल



निर्यापक मुनि श्री सुधा सागर महाराज के सानिध्य में मंदिर निर्माण के लिए जो कमेटी बनाई गई है, उसमें अध्यक्ष स.सिं. उत्तरचंद्र जैन, कार्यकारी अध्यक्ष राजकुमार जैन राजा जबलपुर, सुभाष जैन, महामंत्री सिं. प्रेमचंद जैन प्रेमी, कोषाध्यक्ष मनोज जैन खितौला, उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार जैन कक्का, प्रमोद कुमार जैन चूनावाले, सिं. आनंद कुमार जैन जबलपुर, एड़ प्रतिमान जैन सिहोरा, मंत्री नरेन्द्र कुमार जैन बाकल, प्रचार मंत्री मगन जैन, अजय अहिंसा बाकल, कमल दानी जबलपुर, पूर्व एसडीएम विनय कुमार जैन एवं व्यवस्थापक दिनेश जैन, प्रशांत जैन बहोरीबंद शामिल है।



# चंडिका माता मंदिर में रोज हो रही महाआरती



**कटनी।** उपनगरीय क्षेत्र कुठला स्थित चंडिका नगर में स्थापित चंडिका माता मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। जय मां चंडिका ट्रस्ट कमेटी ने बताया कि चंडिका माता मंदिर में चैत्र नवरात्र पर्व की बैठकी के दिन से ही रोजाना रात को महाआरती का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे क्षेत्र के साथ ही आसपास के लोग शामिल हो रहे। नवरात्र की अष्टमी पर 9 अप्रैल को सुबह 9 बजे से पूर्णाहूति हवन, दोपहर 11.30 बजे से कन्या भोजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। इसके अलावा रोजाना माता की भगतों का आयोजन किया जा रहा है। जय मां चंडिका ट्रस्ट कमेटी ने समस्त श्रद्धालुओं से धार्मिक कार्यक्रमों में पहुंचकर पुण्यलाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।



# पत्रकार कल्याण आयोग के गठन की मांग

## श्रमजीवी पत्रकार संघ का त्रिवार्षिक महा अधिवेशन



**कटनी।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ का त्रिवार्षिक महा अधिवेशन मां नर्मदा नदी के उद्गम स्थल अमरकंटक में मप्र विधानसभा के अध्यक्ष गिरीश गोतम के मुख्य आतिथ्य, इन्दिरा गांधी जनजाति विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ त्रिपाठी के विशेष आतिथ्य तथा संघ के प्रदेशाध्यक्ष शलभ भदौरिया की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। वरिष्ठ मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष शरद जोशी ने संस्था की विकास गाथा एवं प्रगति प्रतिवेदन का वाचन किया तथा पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने, पत्रकार कल्याण आयोग के गठन की मांग को लेकर विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गोतम को ज्ञापन पत्र सौंपा। इसके उपरांत आयोजित किए गए निर्वाचन में शलभ भदौरिया पुनः प्रदेश अध्यक्ष बने। मांगों को लेकर नर्मदा नदी उद्गम स्थल से मां नर्मदा के आशीर्वाद से रैली निकाली गई। सम्मेलन में सभी जिलों से बड़ी संख्या में पत्रकार साथी शामिल हुए। जिसमे कटनी जिले से संघ के महासचिव डॉ. सुरेंद्र राजपूत, डॉ मनोज खरे, महेंद्र नायक, नवनीत गुप्ता, राकेश तिवारी, शैलेंद्र कुशवाहा, अजय उपाध्याय, श्यामलाल सूर्यवंशी, कृष्णा पटेल, शुभम राय, अनंत गुप्ता, संतोष दुबे, संतोष सोनी आदि शामिल है।



# फिजियोथैरेपी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. पटेल सम्मानित

कटनी। सांसद खेल महोत्सव के समापन समारोह खजुराहो लोकसभा के अंतर्गत पन्ना जिले में गत दिवस आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय खेल राज्यमंत्री निशित प्रमाणिक की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विशेष तौर पर खजुराहो सांसद एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा की भी मौजदूगी रही। खेल महोत्सव के समापन अवसर पर फिजियोथैरेपी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए मैक्स स्पाइन फिजियोथैरेपी क्लीनिक चांडक चौक के संचालक डॉ. परम पटेल को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। डॉ. परम पटेल पिछले काफी समय से फिजियोथैरेपी का इलाज कर रहे हैं। उनके द्वारा लकवा और हड्डी से संबंधित कई गंभीर रोगों का इलाज करते हुए मरीजों को ठीक किया गया है।

# मरही माता मंदिर में पूरी होती है भक्तों की मनोकामना

## रोजाना महाआरती का आयोजन, 9 को हवन व भंडारा, 10 को जवारा विसर्जन



**कटनी।** आदिशक्ति जगतजननी मां दुर्गा की शक्ति आराधना के महापर्व चैत्र नवरात्र की धूम अब पूरे शहर में नजर आ रही है। मंदिरों में मातारानी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ रही है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में इस समय लोग मातरानी की भक्ति में लीन नजर आ रहे हैं। इसी क्रम में चंद्रशेखर आजाद वार्ड के बावली टोला स्थित मरही माता मंदिर में भी नवरात्र पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचकर माता रानी के दर्शन कर पुण्यलाभ अर्जित कर रहे। मंदिर के पुजारी बद्री पंडा ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मरही माता मंदिर में चैत्र नवरात्र की बैठकी पर कलश स्थापना के साथ ही जवारा बोए गए हैं। यहां रोजाना रात को महाआरती का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे क्षेत्र के साथ ही आसपास के लोग शामिल हो रहे। पुजारी बद्री पंडा ने बताया कि नवरात्र पर्व की अष्टमी पर 9 अप्रैल को सुबह 11 बजे से पूर्णाहूति हवन का आयोजन किया गया है, इसके उपरांत दोपहर 2 बजे से कन्या भोजन एवं विशाल भंडारा होगा। जवारों का विसर्जन नवरात्र पर्व की नवमी पर 10 अप्रैल को किया जाएगा। मरही माता मंदिर से शाम 7 बजे जवारा विसर्जन जुलूस शुरू होगा, जो आजाद चौक होते कटनी नदी पहुंचकर समाप्त होगा। यहां भक्तिभाव के बीच जवारों का विसर्जन किया जाएगा।



### नीम के पेड़ की जड़ से प्रगट हुई थी माता

पुजारी बद्री पंडा के अनुसार यहां पर करीब दो दशक पहले नीम के पेड़ की जड़ से माता प्रगट हुई थी, जिसके बाद उनके पूर्वज सुखदेव प्रसाद बर्मन द्वारा यहां माता के मंदिर का निर्माण सभी के सहयोग से किया गया, तब से उनका पूरा परिवार माता की सेवा और भक्ति में लीन है। उनके बुजुर्गों ने माता की सेवा का जो सिलसिला शुरू किया था, वो आज भी अनवरत जारी है। मरही माता मंदिर में विराजी डेढ़ सौ वर्ष पुरानी प्रतिमा के दर्शन करने श्रद्धालु 12 महीने सुबह-शाम यहां आते हैं। ऐसी मान्यता है कि मंदिर आने वाले हर भक्त की पुकार माता रानी सुनकर पूर्ण करती हैं। नवरात्र में रोजाना मंदिर में महाआरती एवं भजन कीर्तन का सिलसिला जारी रहता है।

# रामाधार चौबे को सेवानिवृत्ति पर दी बिदाई

उमरियापान, यशभारत। उमरियापान के पचपेढ़ी निवासी रामाधार चौबे 32 वर्ष की शासकीय सेवा के पश्चात गत दिवस सेवानिवृत्त हो गए। जानकारी के अनुसार लोक निर्माण विभाग में टाइम कीपर के पद पर पदस्थ रामाधार चौबे को कटनी के विभागीय कार्यालय में आयोजित विदाई समारोह में विदाई दी गई। इस दौरान पी डब्ल्यू डी विभाग के एसडीओ विनोद चौबे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त रामाधार चौबे का शाल श्रीफल एवं फूल मालाओं से स्वागत कर भव्य विदाई दी। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी, कर्मचारियों सहित पंकज चौबे, अरविंद चौबे, वर्षा चौबे, सौम्या चौबे एवं परिजन, रिश्तेदार बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।





# पूर्व कैबिनेट मंत्री सत्येन्द्र पाठक की स्मृति में होंगे विविध कार्यक्रम

## जालपा मढ़िया को चुनरी अर्पित करने के साथ ही श्रद्धाजंलि सभा का आयोजन

**कटनी।** पूर्व कैविनेट मंत्री एवं पर्यावरण प्रेमी पंडित सत्येंद्र पाठक के जन्मदिवस के अवसर पर 7 अप्रैल को रोटी बैंक और शहर की विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं द्वारा जालपा देवी मंदिर में शाम 7 बजे मां जालपा माता को चुनरी एवं श्रींगार अर्पित किया चढ़ाया जाएगा, साथ ही गरीब और असहाय वर्ग के लोगों को अनाज का वितरण किया जाएगा। रोटी बैंक की अध्यक्ष सुश्री जूनी राजपूत, रोटी बैंक के संस्थापक डॉ. सुरेन्द्र राजपूत एवं डॉ. श्रीमती ज्योति राजपूत ने बताया कि पंडित सत्येन्द्र पाठक जी के जन्मदिवस के अवसर पर उनकी पुण्यस्मृति में इस साल भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। जालपा माता को चुनरी अर्पित किए जाने के साथ ही 28 अप्रेल को उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर महारानी लक्ष्मीबाई चौक में शाम 7 बजे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर पूर्व महापौर श्रीमति निर्मला पाठक, पूर्व मंत्री विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक एवं यश पाठक की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में उमाकान्त दुबे, डॉ मनोज खरे, अनुराग त्रिसोलिया, मनीष लालवानी, अरविंद जायसवाल, राकेश तिवारी, दीपिका खम्परिया, नवनीत गुप्ता, सजल सांधेलिया, रश्मि राय, शैलेंद्र कुशवाहा, अनंत गुप्ता, कीर्ति दुबे, मंजूषा गौतम, अनिल गर्ग, सुरेश उसरेठे आदि ने सभी से उपस्थित होने की अपील की है।

प्रारूप छः 3
(मध्यप्रदेश सहकारी सोसाइटी नियम 1962 के नियम 49-ग (3) के अंतर्गत)
सदस्यता सूची पर आपत्ति हेतु सदस्यों को सूचना का प्रारूप
कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बाबू जगमोहनदास प्रा. उपभोक्ता सहकारी भंडार मर्या. कटनी पं.क्रं. 966
क्रमांक/नि.अ./2022/ 01 दिनांक- 04-04-2022
सूचना
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सोसायटी के संचालक मंडल के सदस्यों का निर्वाचन साधारण सम्मिलन/ विशेष साधारण सम्मिलन में सम्पन्न होना है। अतएव, सोसायटी की सदस्यता सूची का प्रकाशन सोसाइटी कार्यालय के नोटिस बोर्ड उप/सहायक पंजीयक सहकारी सोसाइटियां कार्यालय कटनी विकासखंड कटनी कार्यालय जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा कटनी के सूचना पटल पर दिनांक 04.04.2022 को किया गया है। यदि किसी भी सदस्य को इस पर कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दि. 04.04.2022 से दि. 11.04.2022 को दोपहर 2 बजे तक सोसायटी कार्यालय कटनी में या कार्यालय सहायक पंजीयक, सहकारी संस्थायें कटनी में सप्रमाण लिखित में प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण सोसाइटी कार्यालय में दिनांक 12-04-2022 को दोपहर 12 बजे से किया जायेगा। आपत्तियों के निराकरण के दिन सदस्य उपस्थिति हो सकते है। आपत्तियों के संबंध में पृथक से व्यक्तिशः सूचना नहीं दी जावेगी। यदि किसी सदस्य की कोई आपत्ति है और वह उपस्थित नहीं होता है तो भी उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर आपत्तियों का निराकरण किया जावेगा।
(एच.एन.प्रजापति) रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बाबू जगमोहनदास प्रा. उप. सहकारी भंडार मर्या कटनी पं.क्रं. 966

प्रारूप छः 3
(मध्यप्रदेश सहकारी सोसाइटी नियम 1962 के नियम 49-ग (3) के अंतर्गत)
सदस्यता सूची पर आपत्ति हेतु सदस्यों को सूचना का प्रारूप
कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कर्मवीर क्रेडिट को-ऑपरेटव सोसायटी मर्या कटनी पं. क्रं. 248
क्रमांक/नि.अ./2022/ 01 दिनांक- 04-04-2022
सूचना
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सोसायटी के संचालक मंडल के सदस्यों का निर्वाचन साधारण सम्मिलन/ विशेष साधारण सम्मिलन में सम्पन्न होना है। अतएव, सोसायटी की सदस्यता सूची का प्रकाशन सोसाइटी कार्यालय के नोटिस बोर्ड उप/सहायक पंजीयक सहकारी सोसाइटियां कार्यालय कटनी विकासखंड कटनी कार्यालय जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की शाखा कटनी के सूचना पटल पर दिनांक 04.04.2022 को किया गया है। यदि किसी भी सदस्य को इस पर कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दि. 04.04.2022 से दि. 11.04.2022 को दोपहर 2 बजे तक सोसायटी कार्यालय कटनी में या कार्यालय सहायक पंजीयक, सहकारी संस्थायें कटनी में सप्रमाण लिखित में प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण सोसाइटी कार्यालय में दिनांक 12-04-2022 को दोपहर 12 बजे से किया जायेगा। आपत्तियों के निराकरण के दिन सदस्य उपस्थिति हो सकते है। आपत्तियों के संबंध में पृथक से व्यक्तिशः सूचना नहीं दी जावेगी। यदि किसी सदस्य की कोई आपत्ति है और वह उपस्थित नहीं होता है तो भी उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर आपत्तियों का निराकरण किया जावेगा।
(ज्योति सोनी) रजिस्ट्रीकरण अधिकारी
कर्मवीर क्रेडिट को-ऑपरेटिव समिति मर्या कटनी पं.क्रं. 248

यदि आप तक समय पर
यश भारत
नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए-
5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

From 1st April 2022
CINEWORLDZ
CINEMA KATNI
Mittal MALL



| Audi 1 | Show | Audi 2 | Show | Audi 3 | Show |
|---|---|---|---|---|---|
| The Kashmir Files | 12:00 PM | Morbius Hindi 2d | 10:00 AM | Attack | 10:00AM |
| Attack | 03:30 PM | RRR Hindi 3D | 12:10 PM | Attack | 12:30PM |
| RRR 2D | 6:00 PM | RRR Hindi 3D | 3:30 PM | The Kashmir Files | 3:00PM |
| Attack | 09:30 PM | Morbius Hindi 2d | 7:00 PM | The Kashmir Files | 6:15 PM |
| ........... | ......... | RRR Hindi 3D | 9:15 PM | RRR 2D | 9:45 PM |

Paytm
book my show
TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P. Contact No. 9993123830

mgm HOSPITAL
एम.जी.एम. में अब जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ अब 24 घण्टे उपलब्ध।



Our Specialist
डॉ.एस.के.सिंह
M.B.B.S., M.S.
सीनियर जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपी सर्जन
पूर्व चिकित्सक- पोद्दार हॉस्पिटल , कोलकाता।
25 वर्ष का दूरबीन सर्जरी एवं अन्य सर्जरी का अनुभव।
आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।
For Appointment call or Visit
OPD Timing - Everyday 10:30AM to 02:30PM & 05:30PM-09:00PM
एम.जी.एम. HOSPITAL
कचहरी चौक, फारेस्ट प्ले ग्राउंड के सामने, कटनी (मप्र) 483501
फोन नं: 07622-405070-71-72
Email: info@mgmhospitalkatni.com
Website: www.mgmhospitalkatni.com

कटनी। एक ओर तो प्रदेश सरकार केन्द्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना के तहत आने वाले 2 सालों में प्रदेश के प्रत्येक जिले के हर एक गांव में घर-घर नलों के माध्यम से शुद्ध पेयजल पहुंचाने का दावा कर रही। वहीं दूसरी ओर कटनी शहरी क्षेत्र समेत ग्रामीण अंचलों में अभी से पेयजल का संकट गंभीर रूप लेता जा रहा है। जिले के 80 फीसदी ग्रामों की आबादी अभी भी हैंडपंपों पर आश्रित है। वहीं पहाड़ी क्षेत्रों में बसे गांवों के लोगों को काफी दूर से पानी लाना पड़ता है। ऐसे में सरकार के इस दावे पर भरोसा करना मुश्किल है कि एक-दो साल में प्रदेश में जल संकट पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। हाल ही में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा द्वारा जल अभिषेक अभियान की समीक्षा के दौरान जिले में 125 नए तालाबों का निर्माण किये जाने की बात कही है पर जब पुराने तालाबों को ही हम सुरक्षित नहीं रख पाए तब नये तालाबों के निर्माण से जल समस्या का समाधान कहां तक होगा यह समझ के बाहर है।



# जिले में दिनोंदिन गहराता जा रहा पेयजल संकट





## ऊंचे क्षेत्रों में बसे गांवों और मोहल्लों में पानी की आपूर्ति बेहद कठिन

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा प्रत्येक गांव के हर घर तक नल जल योजना के माध्यम से शुद्ध पेयजल पहुंचाने की मुहिम के तहत जल जीवन अभियान की शुरूआत की थी। इस अभियान के तहत मध्यप्रदेश के बुरहानपुर जिले में सभी गांवों में नलजल योजना प्रारंभ होने का दावा भी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान स्वयं इस योजना का शुभारंभ कर चुके हैं। सरकार द्वारा यह भी दावा किया जा रहा है कि आने वाले एक-दो सालों में प्रदेश के लगभग सभी 55 हजार गांवों में यह योजना कार्यरूप में परणित कर दी जाएगी। भौगोलिक दृष्टिकोण से देखें तो प्रदेश सहित कटनी जिले में ऐसे दर्जनों ग्राम हैं जो पठार एवं पहाड़ी क्षेत्र में स्थित हैं जहां जल स्तर जमीन में सैकड़ों फुट नीचे चला गया है। बहोरीबंद का पठार क्षेत्र हो या बड़वारा वन परिक्षेत्र की सीमा से लगे गांव हों या फिर कैमोर पहाड़ के ऊपर आबाद मादा एवं अन्य ग्राम हों। टेकरी या ऊंचे क्षेत्रों में बसे गांवों और मोहल्लों में भी पाइप लाइन से पानी की आपूर्ति बेहद कठिन है।

## पानी की टंकी तो बन गई है पर पाइप लाइन अभी तक नहीं डाली

जिले के कुछ ही ऐसे गांव हैं जहां नलजल योजना सुचारू रूप से संचालित हो रही है। अधिकांश ग्रामों में अभी इस योजना का दूर-दूर तक पता नहीं है। कई गांव ऐसे हैं जहां पानी की टंकी तो बन गई है पर पाइप लाइन अभी तक नहीं डाली गई। कहीं यह बात भी सामने आई है कि पाइप लाइन डल जाने के बाद लीकेज की वजह से योजना का क्रियान्वयन नहीं हो रहा। पाइप घटिया क्वालिटी के लगा दिये जाने के कारण वे क्षतिग्रस्त हो गए। अब बार-बार ध्यान आकर्षित कराये जाने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे। कैमोर एवं इसके आसपास खनिज बहुल क्षेत्रों में सैकड़ों फुट गहरी खदानों के कारण जल स्तर काफी नीचे चला गया है यहां कुएं सूख गए हैं। हैंडपंप भी पानी की जगह हवा छोड़ रहे हैं। खदानों में अथाह पानी है पर इस पानी को खेतों और गांवों तक पहुंचाने का कोई इंतजाम नहीं है।

इन दिनों तेज धूप और गर्मी के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित जलाशय सूख चुके हैं जिसके चलते मवेशियों को भी पानी नहीं मिल रहा है। वन क्षेत्रों का भी यही हाल है। वन विभाग वन क्षेत्रों में वन्य जीवों के लिए कृत्रिम जलाशयों का निर्माण कर रहा लेकिन इन कृत्रिम जलाशयों को भरने के लिए भी पानी नहीं मिल पा रहा है। आने वाले गर्मियों के दिनों में जब गर्मी और धूप और तेज होगी तब पानी का संकट और गहरा जाएगा। इस दिशा में कोरे दावों और झूठे आश्वासनों के बजाय सरकार सहित प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारियो को भी पूरी निष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करना होगा तभी पेयजल की समस्या से लोगों को छुटकारा मिल पाएगा।

## बंद पड़ी हैं नलजल योजना, हैंडपंप भी देने लगे जवाब



बताया गया कि बहोरीबंद क्षेत्र के ग्राम सिंहुड़ी, बसेड़ी, मोहतरा, केवलरहा, बरतरा आदि ग्रामों में मार्च महीने से ही पेयजल की गंभीर समस्या हो गई है। यहां ग्रामीणों को 2 से 3 किलोमीटर की दूरी से पानी भरकर लाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बसेड़ी में भरका तलैया हैंडपंप में छोटी मोटर डाल दी जाए तो यहां पानी की समस्या किसी तरह कम की जा सकती है। वहीं मोहतरा में एक नए बोर की जरूरत महसूस की जा रही है। मोहतरा सरपंच अलका शुक्ला द्वारा इस संबंध में पीएचई विभाग के अधिकारियों को कई बार पत्र लिखा जा चुका है पर विभाग ने अब तक कोई रूचि नहीं दिखाई। बसेड़ी बस स्टेंड के पास स्थित हैंडपंप में मोटर लग जाए तो सिंहुड़ी की जल समस्या का समाधार हो सकता है। इसी प्रकार खाम्हा में भी पानी की बेहद परेशानी है। यहां नल जल योजना पिछले 6 महीने से बंद है। ग्रामीणों द्वारा सरपंच से लेकर जनपद सीईओ तक को कई बार अवगत कराया जा चुका है पर अभी तक समस्या के निदान की दिशा में कोई कदम नहीं उठाए गए। पिपरिया सहलावन क्षेत्र के कई स्कूलों में हैंडपंप खराब हैं। पानी के लिए स्कूली बच्चों को काफी दूर जाना पड़ता है। केवल बहोरीबंद क्षेत्र ही नहीं बल्कि रीठी मुख्यालय सिहत अनेक ग्रामों में पेयजल की समस्या गंभीर रूप लेती जा रही। ढीमरखेड़ा हो या बड़वारा, कटनी हो या विजयराघवगढ़ हर जगह कहीं न कहीं पेयजल का संकट मौजूद है।



# शहर को स्वच्छता के शिखर पर पहुंचाने किए जा रहे प्रयास

## नियुक्त टीम के सदस्यों द्वारा विभिन्न स्थलों पर चलाया गया जनसंवाद अभियान






**कटनी।** नगरपालिक निगम कटनी द्वारा जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के मार्गदर्शन में स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 को दृष्टिगत रखते हुए नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था सहित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों के मध्य जनजागरूता संदेश प्रसारित किये जाकर नगर को स्वच्छता के शिखर पर पहुंचाने हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे है।

नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन आदेश जैन नें जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण के निर्धारित पैरामीटर्स अनुरूप नागरिकों को फीडबैक की जानकारी से अवगत कराने हेतु विगत दिवस निगम प्रशासन की नियुक्त टीम के सदस्यों द्वारा नगर के विभिन्न स्थलों पर जनसंवाद अभियान चलाया गया। अभियान के माध्यम से स्वच्छ भारत के दिशा निर्देशों के अनुरूप सिटीजन फीडबैक के माध्यम से पूछे जाने वाले प्रश्नों की जानकारी प्रदान की जाकर अपने नगर को स्वच्छता के उच्च शिखर का खिताब दिलानें हेतु अधिक से अधिक संख्या में सकारात्मक फीडबैक देने की अपील की गई। नियुक्त टीम के सदस्यों द्वारा कृष्णधाम कॉलोनी के रहवासियों से डोर टू डोर संपर्क किया जाकर वार्ड घरों से निकलने वाले कचरे के प्रकारों एवं एवं मटके के कम्पोस्ट के माध्यम गीले कचरे से घर पर ही खाद बनानें की जानकारी प्रदान की जाकर वार्ड को आत्मनिर्भर वार्ड बनाने हेतु जागरूक किया गया।




## सायना किड्स स्कूल में ग्रेजुएशन सेरेमनी

**कटनी।** सायना किड्स स्कूल बरगवां में ग्रैजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। जिसमें चीफ गेस्ट डॉ.आदित्य कुमार शर्मा, ऋषि अरोड़ा रहे। प्ले, नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी क्लास के बच्चों एवं उनके माता पिता की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। एलकेजी के बच्चों ने शानदार डांस कर सभी का मन मोह लिया। सायना किड्स की हेडमिस्ट्रेस श्रीमति भारती शर्मा ने स्पीच दी। एयूकेजी क्लास टीचर प्रेरणा अरोरा ने बच्चों के परीक्षा परिणाम वितरित किए गए।

सायना इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य मिस्टर आदित्य कुमार शर्मा ने अपने उद्बोधन में बच्चों की पढ़ाई को लेकर कहा कि इतने कम समय मे सभी स्कूल टीचर एवं बच्चों के माता-पिता के सहयोग से ही किड्स स्कूल के सभी बच्चों का परीक्षा परिणाम इतना बढ़िया आया। कार्यक्रम का समापन बच्चों ने केक काट कर किया।

## निर्धारित मानकों के अनुसार नगर को स्वच्छ बनाने में जुटा सफाई अभियान

# पर्वों पर धार्मिक स्थलों की सफाई के लिए विशेष अभियान

**कटनी।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 को दृष्टिगत रखते हुए जिला कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा के निर्देशन एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के मार्गदर्शन में निर्धारित बिंदुओं के अनुरूप नगर की सार्वजनिक सडकों, नाले नालियों, मुख्य बाजार क्षेत्रों, डिवाईडर, डस्टबिन, लिटरबिन, कचरे के प्वाइंटों, सुलभ काम्पलेक्स, विभिन्न घाटों आदि की सुचारू सफाई व्यवस्था के प्रयास दो पालियों के माध्यम से किये जा रहे है। वर्तमान में चल रहे नवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु आवारा पशुओं पर नियंत्रण की कार्यवाही के साथ ही नगर के विभिन्न मंदिरों के पहुच मार्गों सहित मंदिर परिसर के आसपास भी विशेष सफाई अभियान चलाया जाकर कीटनाशक दवा का छिडकाव किया जा रहा है।

निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा निगम के अधिकारियों के साथ झिंझरी सहित सर्वेक्षण के तहत नगर के विभिन्न स्थलों में कराये जा रहे कार्यो का निरीक्षण किया जाकर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये गए। प्रातःकालीन सफाई व्यवस्था के माध्यम से नगर के विभिन्न मंदिरों जालपा देवी वार्ड स्थित विभिन्न मंदिरों के आसपास, राम जानकी हनुमान वार्ड हनुमान जी मंदिर, विध्यवासिनी माता मंदिर, राय कॉलोनी स्थित मंदिर,



खेर माई माता मंदिर, कावसजी वार्ड दुर्गा मंदिर सहित नगर के अन्य स्थलों में साफ सफाई उपरान्त चूने की लाईनिंग एवं कीटनाशक दवा का छिड़काव किया गया। नगर के विभिन्न वार्डो से डोर टू डोर कचरा के संग्रहण किया जाकर संग्रहित कचरे को कचरा प्लांट भेजा गया। नगर की उच्च स्तरीय सफाई व्यवस्था हेतु नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्न स्थलों की रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का कार्य भी अनवरत



जारी है। प्रातःकालीन सफाई व्यवस्था के माध्यम से जिला चिकित्सालय परिसर के विभिन्न स्थलों सहित नगर के अन्य स्थलों गल्ला मंडी रोड, पन्ना मोड, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड कुठला मुख्य मार्ग एवं कोरी मोहल्ला बस्ती, बस स्टेण्ड परिसर, गाटर घाट मार्ग, मसुरहा घाट ब्राम्हण सत्संग भवन के पास, चांडक चौक से आजाद चौक, जालपा वार्ड चौधरी बस्ती, रधुनाथ गंज वार्ड खोवा मार्केट गली, रूई बाजार, झंडा बाजार, घंटाघर, दिलबहार चौक से बरही रोड, मिशन चौक, बरगवा ओव्हर ब्रिज मार्ग, तिलक कॉलेज पहुच मार्ग, बाबू जगजीवन राम वार्ड स्थित जैन कॉलोनी, शिवाजी वार्ड एन.के.जे सब्जी मंडी, बजरिया क्षेत्र, कावस जी वार्ड भट्टा मोहल्ला मुख्य मार्ग एवं शमशान भूमि परिसर, बाबा नारायण शाह वार्ड के विभिन्न स्थलों, झूलेलाल मंदिर मार्ग की सफाई के कार्य सहित विश्राम बाबा वार्ड के विभिन्न स्थलों एवं मानसरोवर कॉलोनी के विभिन्न स्थलों से पन्नियों की बिनाई का कार्य कराया गया।

नगर के विभिन्न नाले नालियों से सुगम पानी की निकासी की व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए जालपा देवी वार्ड स्थित राष्ट्रीय स्कूल मार्ग, विजय रोलिंग शटर के पास, जगमोहनदास वार्ड चढडा कॉलेज के आगे के बडे नाले, राम जानकी हनुमान वार्ड स्थित संदीप मिश्रा के घर के पास, फारेस्टर वार्ड मुख्य मार्गो के किनारे, विवेकानंद वार्ड स्थित एम्बुलेंस रोड, कावसजी वार्ड गढडा टोला मलिन वंशकार बस्ती, बाबा नारायण शाह वार्ड स्थित सुलभ काम्पलेक्स के पास के बडे नाले की सफाई के कार्य सहित जाकिर हुसैनर वार्ड स्थित सुलभ काम्पलेक्स की सफाई एवं धुलाई का कार्य किया जाकर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखनें के प्रयास किये गए।



### 5 नग आवारा मवेशियों को भेजा अमीरगंज गौशाला

नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था एवं सुगम यातायात की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर के मुख्य मार्गों से आवारा मवेशियों को पकडनें का अभियान निरंतर दो शिफ्ट में किया जा रहा है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी नें जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम की हाका गेंग के द्वारा मुख्य मार्ग मिशन चौक एवं थाना कोतवाली मार्ग से 5 नग आवारा मवेशी पकड़े जाकर अमीरगंज गौशाला भेजे गए।

# बोरिंग मशीन से टकराई बस

## आधा दर्जन से अधिक यात्री घायल, उपचार जारी, कटनी-दमोह मार्ग पर मुहास मंदिर के समीप हादसा





**कटनी।** रीठी थाना अंतर्गत दमोह-कटनी मार्ग पर शिव मंदिर मेला प्रागंण मुहास के पास रविवार की शाम 7 बजे के लगभग दमोह से कटनी आ रही बस व बोरिंग मशीन वाहन की जोरदार भिड़ंत हो गई। दुर्घटना की वजह से बस में सवार लगभग आधा दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नूरी ब्रदर्स दमोह की बस क्रमांक एम.पी.15पीए-1177 रविवार की शाम दमोह से कटनी की ओर सवारियां लेकर आ रही थी। उसीदौरान कटनी-दमोह मार्ग पर शिव मंदिर मुहास मेला प्रागंण के पास तेज रफ्तार बस विपरीत दिशा से आ रही बोरिंग मशीन वाहन से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस बोरिंग मशीन की टक्कर लगने के बाद 3 फीट गहराई में जाकर झुक गई। बस के यात्री एक तरफ ऊपर नीचे हो गए तथा कोहराम मच गया। एक दूसरे से टकराने के कारण करीब आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। सूचना मिलते ही रीठी पुलिस मौके पर पहुंची और 100 डायल व आटो की मदद से घायलों को रीठी सामुदायिक स्वास्थ्य भिजवाया। जहां घायल यात्रियों को भर्ती कर उपचार शुरू किया गया।



## तीन लोगों ने मिलकर युवक को पीटा

**कटनी।** मामूली कहासुनी से उपजे विवाद के दौरान युवक से मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने वाले तीन आरोपियों के विरूद्ध शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। जानकारी अनुसार कैमोर थाना क्षेत्र के खलवारा बाजार में अर्पित शुक्ला और उसके दो साथियों ने मिलकर अनिल कुमार पिता रामलखन गुप्ता से विवाद प्रारंभ किया। कहासुनी से उपजे विवाद ने बखेड़े का रूप लिया तो आरोपियों ने अनिल कुमार गुप्ता से मारपीट कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पीड़ित थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने धारा 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया है।

# मेंटीनेंस प्लांट व पोल्ट्रीफार्म में चोरी

## कैमोर व एनकेजे थाना क्षेत्र में वारदातें

**कटनी।** जिले में लगातार चोरी की वारदातें बढ़ रही हैं। चोर बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। लगातार हो रही चोरी की वारदातों से पुलिस गश्त पर भी सवाल उठने लगे हैं। चोरों ने कैमोर और एनकेजे क्षेत्र में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने कैमोर क्षेत्र में एक मेंटीनेंस प्लांट से करीब 87 हजार रुपए के पार्टस चोरी कर लिए हैं जबकि एनकेजे क्षेत्र में पोल्ट्रीफार्म के बाहर लगे सबमर्सिबल पंप को चोरों ने चोरी कर लिया है। पुलिस ने दोनों ही वारदातों की शिकायत पर चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि



कैमोर थाना क्षेत्र के देवरीमझगवां स्थित माइनिंग मेंटीनेंस प्लांट से चोरों ने लगभग 87 हजार रुपए के मेंटीनेंस पार्टस चोरी कर लिए हैं। पुलिस ने कैमोर निवासी गगन ग्रोवर की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। वहीं एनकेजे थाना क्षेत्र अंतर्गत कटंगीकला गांव में स्थित पोल्ट्रीफार्म के बाहर से चोरों ने समर्सिबल पंप चोरी कर लिया है। चोरी गए समर्सिबल पंप की कीमत करीब दस हजार पांच सौ रुपए आंकी गई है। पुलिस ने अभिनय कुमार रघुवंशी की शिकायत पर चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# मुंबई से आने वाली कई ट्रेनें विलंब से

## यात्री परेशान, पवन एक्सप्रेस के दुर्घटनाग्रस्त होने का असर



कटनी। मुंबई से कटनी आने वाली कई ट्रेनें आज भी लेट होंगी। इसकी वजह पवन एक्सप्रेस के दुर्घटनाग्रस्त होना है। रेलवे ने यात्रियों से ट्रेन की सही जानकारी लेकर ही घर से निकलने की सलाह दी है। गौरतलब है कि मुंबई से कटनी होते हुए बिहार जाने वाली गाड़ी संख्या 11061 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-जयनगर पवन एक्सप्रेस नासिक के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। ट्रेन को इटारसी से कटनी होते हुए यूपी-बिहार जाना था। इस वजह से एलटीटी से यूपी-बिहार से जाने और आने वाली सैकड़ों ट्रेन प्रभावित हुई। कई अपने निर्धारित समय से कई घंटे लेट चली। मुंबई और बिहार जाने वाली ट्रेनें भी देरी से स्टेशन आई। इस वजह से यात्री परेशान रहे। प्लेटफार्म और वेटिंग रूम में यात्रियों की भीड़ रही। अधिकांश यात्री को कटनी से बिहार जाने वाली ट्रेनों से जाना था लेकिन वह कई घंटे ले आई। जबलपुर रेल मंडल ने कटनी से जबलपुर, इटारसी होकर मुंबई जाने वाली कुछ ट्रेनों का रूट भी डायवर्ट किया है। एक के पीछे एक खड़े कई ट्रेनों के यात्री को राहत देने के लिए रेलवे ने इन ट्रेनों को दूसरी रेल लाइन से धीमी गति से निकाला।

### पवन एक्सप्रेस में जबलपुर उतरने थे 16 यात्री

पवन एक्सप्रेस से कटनी स्टेशन पर उतरने वाले 16 यात्री थी। रेलवे के मुताबिक इन यात्रियों को किसी तरह की चोट नहीं आई है, सभी सुरक्षित हैं। वहीं इस ट्रेन में कटनी से सवार होकर यूपी-बिहार जाने वाली यात्रियों की संख्या 3 थी।

### विलंब से आई और गई कई ट्रेनें

पवन एक्सप्रेस के दुर्घटनाग्रस्त होने की वजह से कई ट्रेनें मुंबई से देरी से आई। आज भी यह ट्रेन देरी से आएगी। मुंबई जाने वाली ट्रेनों के यात्री समय पर स्टेशन पर आए गए लेकिन यहां आने के बाद उन्हें पता चला कि ट्रेन देरी से जाएगी। इस वजह से कई यात्री स्टेशन के वेटिंग रूम में घंटों बैठे रहे। इनमें से कई ऐसे यात्री भी थे, जिन्हें सोमवार शाम को मुंबई में डाक्टर से अप्वाइंटमेंट लिया था। इस वजह से उनकी परेशानी और बढ़ गई। आज भी मुंबई से आने वाली जनता एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनें विलंब से कटनी आकर अपने गंतव्य को रवाना हुईं।

## साप्ताहिक बाजार में अव्यवस्थाओं का अंबार

**कटनी।** जिले के रीठी मुख्यालय में रविवार को लगने वाला साप्ताहिक बाजार अव्यवस्थाओं के अंबार के बीच लगाया जा रहा है। लोगों का कहना है कि महंगे दामों में बाजार नीलाम होने के बाद जिम्मेदारों व्यवस्था नहीं बनाई जा रही है। रविवार को रीठी में लगने वाला साप्ताहिक बाजार मेन रोड में लग रहा है। जिससे राहगीरों व वाहन चालकों को दिनभर जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है। देखा गया कि रीठी का साप्ताहिक बाजार अव्यवस्थित ढंग से लगाया जा रहा है। यहां अधिकतर दुकानें सड़क पर लगाई जाती हैं। जिससे लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बाजार के दिन रीठी के मेन रोड से मोटरसाइकिल निकालना भी मुश्किल हो जाता है।

# घातक हथियारों के साथ मिले बदमाश गए जेल

## कुठला पुलिस ने डकैती की योजना बनाते किया था गिरफ्तार, देशी कट्टा, कारतूस व चाकू हुआ था बरामद

**कटनी।** कुठला पुलिस ने डकैती की योजना बनाते आधा दर्जन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से दो देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, एक खाली कारतूस व दो चाकू सहित अन्य असलहा बरामद किया गया है। हालांकि अभी इस बात का पता नहीं चल सका है कि अपराधी एकत्रित होकर किसके यहां डकैती योजना बना रहे थे। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन के निर्देशन में की गई। रविवार को प्रभारी नगर पुलिस अधीक्षक शालिनी परस्ते ने पत्रकारवार्ता के माध्यम से मामले का खुलासा किया। सीएसपी शालिनी परस्ते ने



बताया कि 2 अप्रैल को रात 10 बजकर 50 बजे मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि शिवाजी नगर गली नंबर 5 के खाली प्लांट के पास 3 मोटर सायकलों में 6-7 व्यक्ति अंधेरे में बैठे हैं एवं आपस में डकैती की योजना बना रहे हैं। थाना प्रभारी ने मुखबिरों से मिली सूचना से तत्काल पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया। जिसके बाद टीम गठित कर बदमाशों को गिरफ्त में लेने के प्रयास शुरू किए गए। एक टीम में कुठला थाना प्रभारी रोहित डोंगरे के साथ सहायक उपनिरीक्षक श्यामनारायण सिंह, राहुल सिंह, चालक रोहित सिंह, दूसरी टीम में सहायक उपनिरीक्षक दीपेन्द्र शर्मा, प्रधान आरक्षक व आरक्षक, तीसरी टीम में उपनिरीक्षक किशोर द्विवेदी, सहायक उपनिरीक्षक तीरथ तेकाम, प्रधान आरक्षक अविनाश मिश्रा, आरक्षक शमशेर सिंह और चौथी टीम में उपनिरीक्षक अरूण पाल सिंह, प्रधान आरक्षक गंगाप्रसाद वर्मा, आरक्षक बाल कृष्ण तिवारी, सतेन्द्र सिंह के साथ मुखबिरों के द्वारा बताए गए स्थान की घेराबंदी की गई। जहां पर 6-7 युवक बैठे थे। घेराबंदी के दौरान युवक अंधेरे का फायदा उठाकर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने पीछा करके 6 व्यक्तियों गिरफ्तार कर लिया। अंधेरे में बैठने के संबंध में पूछताछ की गई तो युवक उचित कारण नहीं बता पाए। तलाशी लेने पर युवकों पास से हथियार मिले। आरोपियों के पास से मोटर सायकल क्रमांक एम.पी.21एमएन-6341, एम.पी.21एमसी-7247, एम.पी.21एमडी-5112 जप्त की गई। आरोपियों को डकैती की तैयारी के साथ डकैती करने के प्रयोजन से एकत्रित होना पाया गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 390, 402 के तहत एवं अवैध रूप से हथियार रखे पाए जाने पर धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में सक्रिय भूमिका निभाने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को पुलिस अधीक्षक ने पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

### आरोपियों से घातक हथियार बरामद

आरोपियों के पास से 2 देशी कट्टा, एक नग जिन्दा कारतूस, एक चला हुआ कारतूस, 2 तलवार नुमा चाकू, एक पाकिट चाकू, 3 मोबाईल, 3 मोटर सायकल, 3 टॉर्च आदि बरामद किए गए। एक वाहन में पुलिस भी लिखा हुआ था। थाना प्रभारी रोहित डोंगरे ने बताया कि इनके ऊपर पूर्व में कई अपराध पंजीबद्ध हैं। वहीं एक फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

### इनकी हुई गिरफ्तारी

पुलिस ने जिन युवकों को डकैती की योजना बनाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। उसमें कुठला थाना अंतर्गत चंडिका नगर निवासी 25 वर्षीय स्वप्निल निषाद, शिवाजी नगर गली नंबर 2 निवासी 30 वर्षीय रवि यादव, कैलवारा फाटक क्षेत्र निवासी 28 वर्षीय दीपू उर्फ दीपक कुशवाहा, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड निवासी 38 वर्षीय सोहन पटेल, कोतवाली के सिविल लाइन क्षेत्र निवासी 28 वर्षीय रोहित सोनी व एफसीआई गेट के सामने कुठला निवासी 30 वर्षीय पंकज चतुर्वेदी शामिल है।

# खेत मालिक की लापरवाही से गई थी मजदूर की जान

## पुलिस ने दर्ज की एफआइआर

**कटनी।** विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम खमतरा में खेत में काम करते समय करंट लगने से प्रौढ़ की मौत होने के मामले में पुलिस ने खेत मालिक पर प्रकरण दर्ज किया है। विवेचना में यह तथ्य सामने आए कि खेत मालिक द्वारा लापरवाही पूर्वक मजदूर से काम कराया जा रहा था, जिसके कारण करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत हो गई थी। ग्राम खमतरा में सुरजीत सिंह पिता नारेन्द्र सिंह के खेत में करंट लगने से मजदूर की मौत मार्च माह में हो गई थी। उपनिरीक्षक विनोद सिंह ने बताया कि 45 वर्षीय रामस्वरूप पिता मुरारी आदिवासी मोटरपंप चालू कर रहा था, तभी वह करंट की चपेट में आ गया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। मृतक का पोस्टमार्टम कराने उपरांत पुलिस ने मर्ग प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ की थी जिस दौरान यह तथ्य सामने आए कि खेत मालिक द्वारा सुरक्षा उपकरण मुहैया नहीं कराए गए थे बल्कि लापरवाही पूर्वक मजदूर से काम कराया जा रहा था। पुलिस ने आरोपी खेत मालिक सुरजीत सिंह के खिलाफ धारा 304ए के तहत अपराध कायम किया है।

# पुरानी तर्ज पर फिर बन रहा लमतरा ओवरब्रिज

## फिर बनी रहेगी हादसे की आशंका

**कटनी।** कटनी-शहडोल मार्ग पर करोड़ों की लागत से बने लमतरा ओवर ब्रिज के गुणवत्ताहीन होने के कारण धराशायी होने के बाद लोगों को आवागमन में खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दो साल से लोग परेशान हैं। अब एक बार फिर आने वाले समय में वही समस्या दोबार खड़ी होगी ऐसी आशंका लोगों ने जताई है। 10 करोड़ रुपये की लागत से ब्रिज का निर्माण कराया गया था लेकिन बारिश के पानी में ब्रिज की दीवार ढह गई और अंततः पुल की हालत खस्ताहाल देखते हुए अधिकारियों ने ब्रिज को तोड़ कर पुनः निर्माण



कराने के निर्देश दिए थे। एमपीआरडीसी के अधिकारियों द्वारा कहा गया था कि अब बेहतर ढंग से ब्रिज का निर्माण होगा लेकिन अब देखने में आ रहा है कि निर्माण ऐजेंसी द्वारा पुराने तर्ज पर पेबर ब्लॉक और जाली बिछाकर लीपापोती करने की भूमिका निभाई जा रही है। दोबारा ब्रिज का निर्माण कराने के नाम पर कोरम ही पूरा किया जा रहा है जबकि इस मामले में अधिकारी मौन सहमति देने का काम कर रहे हैं।


PRE. REGISTRATION
सांईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठयक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल

नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318


## आम सूचना

मैं एलिज बेथ राय पत्नी स्वर्गीय अरुण कुमार राय उम्र 54 बर्ष निवासी महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड सिविल लाइन कटनी मध्य प्रदेश अपने स्वर्गीय पति के नामित वाहन MP-21 CA3322 को अपने नाम आवंटित करने हेतु अति.क्षे.प. कार्यालय कटनी MP में दिनांक 30/03/2022 को आवेदन प्रस्तुत किया है अगर किसी भी आमजन को कोई भी आपत्ति हो तो कृपया दस दिवस के अंदर मय साक्ष्य के अति.क्षे.प अधिकारी कटनी कार्यालय में दर्ज कराया जा सकता है।

आम सूचनार्थ कर्ता
श्रीमती एलिजबेथ राय पत्नी स्वर्गीय अरुण कुमार राय सिविल लाइन महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड, कटनी


JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.



सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान

समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट

पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668



आर्टिफिशल इन्टेलीजेन्स के साथ कटनी की प्रथम अति आधुनिक 32-96 स्लाइस 2021 मॉडल सीमन्स कम्पनी की मशीन




एडवांस्ड
सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर

-32-96 स्लाइस की मशीन होने के कारण एक्सपोजर समय अत्यंत कम
-सी टी हेड 6 सेकंड
-सी टी चेस्ट 20 सेकेंड, -सी टी एबडामन 30 सेकेंड, -कम एक्सपोजर कम रेडीयेशन

आधुनिक टेक्नालाजी अपनाएं, बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी

9893723087, 8319994375 फोन 07622-494511








पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist

डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM

टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट

मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना

नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।

संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)

कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009



PRE. REGISTRATION सांईनाथ स्कूल/कालेज ऑफ नर्सिंग

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठयक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)